University in News on 01 July 2025

NBT PAGE 8

अब आधी फीस में प्रफेशनल कोर्स कर सकेंगे विदेशी छात्र

एलयू ने बीटेक, बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम में विदेशी छात्रों की फीस में 48% तक की कटौती की

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ:
लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रफेशनल कोर्सों में अब आधी फीस में विदेशी छात्रों को दाखिला दिया जाएगा। विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए एलयू की ओर से फीस में 48 फीसदी तक की कटौती कर दी गई है। जिन कोर्सों की फीस कम की गई है उसमें बीटेक, बीसीए व बीबीए पाठ्यक्रम शामिल हैं। दरअसल ज्यादातर विदेशी छात्र एलयू के ट्रेडिशनल कोर्सों में दाखिला ले रहे हैं। ऐसे में प्रफेशनल कोर्सों में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। विवि की वित्त समिति की बैठक में भी इस पर मुहर लगा दी गई है।

पिछले साल तक बीटेक में विदेशी छात्रों की फीस 2500 यूएस डॉलर थी जिसे घटाकर अब 1500 यूएस डॉलर प्रति सेमेस्टर कर दिया गया है। वहीं बीबीए व बीसीए के लिए पहले फीस 2300 यूएस डॉलर थी जिसे घटाकर 1200 यूएस डॉलर प्रति सेमेस्टर कर दिया गया है। हालांकि भारतीय छात्रों की तुलना में यह फीस अब भी दोगुनी से ज्यादा है, लेकिन सभी पाठ्यक्रमों में विदेशी छात्रों की फीस ज्यादा ली जाती है। फीस घटाने से अब विवि के टेक्निकल व प्रफेशनल कोर्सों में भी विदेशी छात्रों की संख्या में इजाफा हो सकेगा। विवि में बीटेक की कुल 480 सीटें हैं। छह स्ट्रीम में संचालन किया जा रहा है। इसमें सिविल इंजिनियरिंग, कंप्यूटर साइंस ऐंड इंजिनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजिनियरिंग आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड कम्युनिकेशन और मकैनिकल इंजिनियरिंग शामिल है। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बदली हुई फीस इसी सत्र से लागू कर दी गई जाएगी।

हर साल बढ़ रही LU में विदेशी छात्रों की संख्या

एलयू में पिछले पांच साल से हर साल विदेशी छात्रों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इसी के चलते साल दर साल आवेदनों में भी इजाफा हो रहा है। इस साल विभिन्न पाठ्यक्रमों में 76 देशों के 2379 अभ्यर्थियों ने एलयू में दाखिले के लिए आवेदन किया है। खास बात ये भी है कि यह अब तक एक साल में आने वाले आवेदनों की सर्वाधिक संख्या है। पिछले साल कुल 1769 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जबकि 2023-2024 सत्र में 1365, 2022-2023 में 814 और 2021-2022 में 637 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

एलयू के दस शिक्षक हुए रिटायर

■ NBT रिपोर्ट,लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के दस शिक्षक सोमवार को विवि से रिटायर हो गए। इसमें वाणिज्य विभाग के डॉ अरविंद कुमार, रक्षा अध्यक्ष विभाग के प्रो ओपी शुक्ला, लॉ के डॉ राजकुमार, केमिस्ट्री के डॉ आर एन सिंह, एजुकेशन की डॉ अमिता बाजपेई, फिलॉसफी की डॉ रजनी श्रीवास्तव, बॉटनी के डॉ मुन्ना सिंह, इकॉनमिक्स की डॉ रचना मुज्जु, स्टैटिस्टिक्स के डॉ राजीव कुमार पांडेय और अंग्रेजी में डॉ रानू उनियाल पंत सोमवार को रिटायर हो गई हैं। यह सभी शिक्षक पहले रिटायर हो चुके हैं और सत्रांत लाभ के तहत इनको 30 जून का रिटायरमेंट दिया जा रहा है। इसमें डॉ रजनी के रिटायरमेंट के बाद सोमवार को फिलॉसफी विभाग की हेडशिप का चार्ज डॉ राजेश्वर प्रसाद यादव को दे दिया गया है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि में 10 शिक्षक हुए सेवानिवृत्त

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में सोमवार को 10 शिक्षक सेवानिवृत्त हो गए। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जो शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं उसमें वाणिज्य विभाग के डॉ. अरविंद कुमार, रक्षा अध्ययन के डॉ. ओपी शुक्ला, विधि संकाय के डॉ. राजकुमार, रसायन विज्ञान के डॉ. आरएन सिंह, शिक्षाशास्त्र की डॉ. अमिता बाजपेई, दर्शनशास्त्र की डॉ. रजनी श्रीवास्तव, वनस्पति विज्ञान के प्रो. मुन्ना सिंह, व्यावहारिक अर्थशास्त्र की डॉ. रचना मुज्जु सांख्यिकी के डॉ. राजेंद्र पांडेय और अंग्रेजी से डॉ. रेनू उनियाल हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी को मंगलकामनाएं दीं। (संवाद)

प्रो. राजेश्वर यादव बने दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में शिक्षक प्रो. राजेश्वर यादव को विभाग का विभागाध्यक्ष नामित किया गया है। डॉ. राजेश्वर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने तक इस पद पर बने रहेंगे। (संवाद)

लविवि : पीजी, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में सात तक आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 7 जुलाई तक आवेदन फॉर्म भर सकता है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र विवि की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से 40 से अधिक डिप्लोमा सार्टिफिकेट कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। (संवाद)

कोलंबो व जयवर्धने विवि के साथ शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करेगा लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और श्रीलंका के कोलंबो विवि व श्री जयवर्धने विवि साथ मिलकर शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करेंगे। इससे इन दोनों देशों से पढ़ाई करने वाले छात्रों को डुअल डिग्री हासिल करने का लाभ मिलेगा। जिससे वह शैक्षिक और सांस्कृतिक दोनों तरह से ज्ञान में समृद्ध हो सकेंगे। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और श्रीलंका के दोनों विवि के प्रमुखों ने इसपर सैद्धांतिक सहमति दी है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि टैगोर लाइब्रेरी की मानद लाइब्रेरियन प्रो. केया पांडेय, अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ निदेशक प्रो. आरपी सिंह समेत कई अन्य शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कोलंबो विवि और श्री जयवर्धने विवि का दौरा किया। इस दौरान सहयोगी शैक्षणिक उपक्रमों पर विमर्श हुआ। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू छात्र श्रीलंका विवि में रिसर्च व पढ़ाई कर सकेंगे

- कोलंबो विवि व जयवर्धने विवि में मिलेगा मौका
- एलयू के प्रतिनिधिमंडल ने दोनों विवि का दौरा किया

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय और श्रीलंका का कोलंबो विवि व श्री जयवर्धने विवि अब एक साथ रिसर्च कर सकेंगे। एलयू के छात्र इन दोनों विश्वविद्यालयों में जाकर पढ़ सकेंगे। इसी तरह श्रीलंका के दोनों विवि के विद्यार्थी भी एलयू आकर अध्ययन कर सकते हैं। जिससे उन्हें ड्यूअल डिग्री प्राप्त हो सकेगी। इन मुख्य बिन्दुओं समेत अन्य कई मुद्दों पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और श्रीलंका के दोनों विवि के मुखिया ने सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की है।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि दक्षिणापथः संवाद एवं समन्वय कार्यक्रम के तहत कुलपति आलोक कुमार राय की अगुवाई में टैगोर लाइब्रेरी की मानद लाइब्रेरियन प्रो. केया पांडेय, अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ निदेशक प्रो. आरपी सिंह समेत कई शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबो विश्वविद्यालय और श्री जयवर्धने विश्वविद्यालय का दौरा किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 शिक्षक सेवानिवृत्त

लखनऊ। एलयू में 30 जून को 10 शिक्षक सेवानिवृत्त हुए। इसमें वाणिज्य विभाग के डॉ अरविंद कुमार, रक्षा अध्ययन के डॉ. ओपी शुक्ला, विधि संकाय के डॉ. राजकुमार, रसायन विज्ञान में डॉ. आरएन सिंह, शिक्षाशास्त्र की डॉ. अमिता बाजपेई, दर्शनशास्त्र की डॉ. रजनी श्रीवास्तव और वनस्पति विज्ञान के डॉ. मुन्ना सिंह, व्यवहारिक अर्थशास्त्र की डॉ. रचना मुज्जु समेत अन्य शामिल हैं।

प्रो. राजेश्वर बने दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. राजेश्वर यादव को विभाग का विभागाध्यक्ष नामित किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मंजूरी के बाद कुलसचिव भावना मिश्रा ने इसका आदेश जारी कर दिया। डॉ. राजेश्वर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने तक इस पद पर बने रहेंगे।

शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन तिथि बढ़ी, छात्रों को मौका

एलयू, केकेसी और नेशनल पीजी में अब सात जुलाई तक होंगे आवेदन

मिशन एडमिशन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय समेत केकसी और नेशनल पीजी ने आवेदन की तिथियों को बढ़ाते हुए छात्रों को सात जुलाई तक मौका दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत परास्नातक, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए पहले आवेदन की तिथि 30 जून तय की गई थी। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्र हित में निर्णय लेते हुए आवेदन फॉर्म भरे जाने की तिथि बढ़ा दी है। ऐसे में जिन अभ्यर्थियों ने सीयूईटी में आवेदन नहीं किया है और एलयू से पढ़ना चाहते हैं, उनके लिए फॉर्म भरने का यह बेहतर अवसर है। lkouniv.ac.in पर समर्थ पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं। समस्या पर 0522-4150500 संपर्क करें।

केकेसी: फॉर्म भरने में समस्या तो संपर्क करें

फॉर्म भरने में किसी भी तरह की समस्या आने पर चंदन सिंह (9889003068), अनंत विक्रम शुक्ला (8787046728), प्रो आरके पांडेय (9838732706) और अंशुमाली (9415408590) से प्रातः 10 से सायं पांच बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

वहीं श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की 3860 सीट पर एडमिशन के लिए अब सात जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट में एडमिशन 2025-26 पर जाकर एप्लाई करें। ऑनलाइन शुल्क एक हजार रुपए जमा करना होगा।

नेशनल की प्रवेश परीक्षा की तिथियां बदलीं

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश परीक्षा की तिथियों में बदलाव कर दिया गया है। अब कॉलेज में 10,11 और 12 जुलाई को प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। इससे पहले यह तिथि सात, आठ और नौ जुलाई प्रस्तावित की गई थी। मगर, लखनऊ विवि से कॉलेज की प्रवेश परीक्षा की तिथियों का टकराव हो रहा था। जिससे बदलाव करना पड़ा। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई प्रवेश समिति की बैठक में प्रवेश परीक्षा की तिथि बदलाव के साथ ही आवेदन तिथि में विस्तार करने का फैसला हुआ।

अब कॉलेज में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र सात जुलाई तक आवेदन फॉर्म भर सकेंगे। पहले यह तिथि 30 जून निर्धारित की गई थी। प्राचार्य ने बताया कि काउंसलिंग का विस्तृत कार्यक्रम कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। स्नातक के सभी विषयों की काउंसलिंग 15 जुलाई से छह अगस्त के बीच होगी।

10 से 12 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाएं होंगी

नेशनल में 10 जुलाई को बीए, बीएससी गणित, बीवॉक, (हॉस्पिटल मैनेजमेंट), बीवॉक (होटल मैनेजमेंट), बीवॉक (मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी), बीवॉक (ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी), बीवॉक (फिजियोथेरेपी) की प्रवेश परीक्षा होगी। 11 को बीकॉम और बीएससी बायो ग्रुप की प्रवेश परीक्षा होगी। 12 जुलाई को बीसीए, बीकॉम ऑनर्स, बीवॉक (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एंड ई-गवर्नेंस), बीबीए, बीबीए (डिजिटल बिजनेस), बीवॉक (बैंकिंग एंड फाइनेंस) व बीएजेएमसी।

PIONEER PAGE 3

एलयू प्रतिनिधिमंडल का कोलंबो विवि व एसजेयू के साथ हुआ संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए, दक्षिणापथ-संवाद एवं समन्वय, कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबो विश्वविद्यालय और श्री जयवर्धने विश्वविद्यालय, श्री जयवर्धनेपुरा का दौरा किया, और शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसरों पर चर्चा किया।

चर्चा में संयुक्त शोध पहल, इयुअल डिग्री कार्यक्रम और अन्य सहयोगी शैक्षणिक उपक्रमों पर विमर्श किया गया, जिससे दोनों संस्थानों को लाभ हो सकता है। इन साझेदारियों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान और गहरी समझ को बढ़ावा देना है, जिससे अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में आपसी विकास और विकास को बढ़ावा मिले। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि ये बैठकें लखनऊ विश्वविद्यालय की अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति बढ़ाने तथा शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने वाले सार्थक सहयोग में संलग्न होने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। श्रीलंका में प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी करके, विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए संयुक्त परियोजनाओं, विनिमय कार्यक्रमों और सहयोगी अनुसंधान में संलग्न होने के अवसर पैदा करना है।

डॉ. अरविंद कुमार, वाणिज्य विभाग, डॉक्टर ओपी शुक्ला, रक्षा अध्ययन विभाग, डॉ राजकुमार, विधि संकाय, डॉ. आर एन सिंह, रसायन विज्ञान विभाग, डॉ. अमिता बाजपेई, शिक्षा शास्त्र विभाग, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, दर्शनशास्त्र विभाग, डॉ. मुन्ना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग, डॉ. रचना मुज्जु, व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग, डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय, सांख्यिकी विभाग, डॉ. रानू उनियाल पंत, अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषाएं विभाग।

JAGRAN CITY PAGE I, III

शोध ने साबित किया, भारतीय शास्त्रीय संगीत कम करता है तनाव

अखिल सक्सेना • जागरण

लखनऊ : संगीत की भाषा सार्वभौमिक है और इसका प्रभाव चमत्कारी। सुरों की मिठास कानों से होते हुए हमारे दिल तक उतर जाती है। महान विज्ञानी जेसी बोस ने यह सिद्ध कर दिया था कि पेड़ पौधे तक संगीत से प्रभावित होते हैं। अब लखनऊ विश्वविद्यालय में हुए शोध ने यह साबित किया है कि संगीत तनाव को भी कम कर देता है। लवि के जंतु विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. कल्पना सिंह के निर्देशन में शोधार्थी निकिता कटियार की ओर से चूहों पर हुए शोध अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन के मुताबिक, 65 डेसिबल की तीव्रता पर भारतीय शास्त्रीय संगीत में राग भैरवी सितार पर सुन कर चूहे सामान्य की अपेक्षा तनाव मुक्त होकर अधिक सोए। हल्की आहट में भी उनकी चौंकने वाली स्थिति कम रही।

एसोसिएट प्रोफेसर डा. कल्पना सिंह वर्ष 2019 से चूहों पर शोध कर रही हैं। वह बताती हैं कि वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार की ओर से 'इफेक्ट आफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक आन यूस्ट्रेस एथो-फिजियोलाजी आफ ए रोडेंट' विषय पर शोध प्रोजेक्ट मिला था। इस शोध के लिए सीडीआरआइ से पांच से सात सप्ताह की उम्र वाले विस्टर रैट (वैज्ञानिक नाम रैटस नारवेजिकस) प्रजाति के 12 सफेद रंग के चूहे लिए गए थे। इन पर अध्ययन के लिए चार ग्रुप बनाए गए। इनमें कंट्रोल ग्रुप में सामान्य स्थिति में तीन चूहे रख कर व्यवहार किया गया।

लवि के जंतु विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. कल्पना सिंह के निर्देशन में शोधार्थी निकिता कटियार ने चूहों पर किया शोध • जागरण

स्ट्रेस ग्रुप में दिया गया तनाव

इस ग्रुप में क्रानिक अनप्रडिक्टिबल माइल्ड स्ट्रेस (सीयूएमएस) प्रोटोकाल के तहत उन्हें हर दिन अलग-अलग तरह के हल्के तनाव की प्रक्रिया से गुजारा गया। इसमें चूहों की पूंछ दबाकर रखी गई। फिर अगले दिन उनका बेड (पिंजड़ा) तिरछा कर दिया गया। फिर बेड को गीला रखा गया। डा. कल्पना सिंह के मुताबिक, चूहों के शरीर का तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस से 37.8 डिग्री सेल्सियस तक होता है। इसी आधार पर 10 मिनट के लिए उनके शरीर की क्षमता से पांच डिग्री अधिक तापमान पर रखा। तनाव देने के लिए चूहों को 30 सेकेंड के लिए ठंडे पानी में भिगोया भी गया। हर तनाव के बाद उनका व्यवहार रिकार्ड किया गया। इसमें उनकी एंजाइटी बढ़ी पाई गई, जबकि याद्दाश्त कमजोर रही। वह सुरक्षित जोन में जाने के लिए बेचैन नजर आए।

तनाव के बाद सुनाया संगीत : तीसरे ग्रुप में तनाव देने के बाद चूहों को सितार के जरिए राग भैरवी संगीत सुनाया गया। कुछ समय बाद उनके व्यवहार को रिकार्ड किया गया। इनमें उनकी एंजाइटी घटती नजर आई। याद्दाश्त भी सामान्य होती दिखाई दी।

सिर्फ संगीत से कम हुआ तनाव: चौथे ग्रुप में चूहों को सिर्फ संगीत सुनाया गया। ये सभी कंट्रोल ग्रुप वालों से ज्यादा सोए। हल्का दरवाजा खोलने में भी चौंकने की स्थिति कम मिली। यानी संगीत से वह तनावमुक्त होकर सोए। शोध अध्ययन के अनुसार, चारों ग्रुपों में जिस दिन व्यवहार रिकार्ड किया गया, उसी दिन शाम को कोर्टिकोस्टिरोन का स्तर चेक करने के लिए चूहों के रक्त की जांच की गई। ग्रुप बी के चूहों में तनाव देने के बाद इसका स्तर 35 से 40 नैनोग्राम प्रति एमएल रहा, जबकि सामान्य में यह आंकड़ा सुबह 10 से 30 नैनोग्राम प्रति एमएल और शाम को 100 से 200 नैनोग्राम प्रति एमएल रहता है। अब इनके अंगों जैसे ब्रेन, लिवर, किडनी, पैंक्रियाज आदि पर शोध चल रहा है।

लवि : प्रोफेसर राजेश्वर यादव बने विभागाध्यक्ष

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रोफेसर राजेश्वर प्रसाद यादव को दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। उनका कार्यकाल एक जुलाई से आगामी तीन वर्ष की अवधि या अधिवर्षता आयु पूरी होने अथवा अन्य कोई आदेश होने तक मान्य होगा। कुलसचिव डा भावना मिश्रा ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। (जासं)

लवि ने 22 कोर्सों के परीक्षा परिणाम किए जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षाओं के तहत सोमवार को 22 कोर्सों के परिणाम जारी किए। इनमें बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग, बी.टेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बी.टेक सीएसई-एआइ, बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बी.टेक ईसीई, बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग चौथे सेमेस्टर, एमए उर्दू, बीवीए अप्लाइड आर्ट, पेंटिंग, स्कल्पचर दूसरे सहित एमवीए चौथे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। (जासं)

लवि : सात तक बढ़ी पीजी के आवेदन की तिथि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रहित में परास्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के आनलाइन आवेदन की तिथि तीसरी बार बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी सात जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। सबसे पहले 15 जून और फिर 30 जून तक समय दिया गया था। (जासं)

लवि व कोलंबो विश्वविद्यालय मिलकर करेंगे शोध

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में श्रीलंका गए प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को कोलंबो विश्वविद्यालय और श्री जयवर्धने विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान संयुक्त शोध पहल, इयुअल डिग्री कार्यक्रम और अन्य सहयोगी शैक्षणिक उपक्रमों पर विमर्श हुआ। इससे दोनों संस्थानों को लाभ हो सकता है। (जासं)

लविवि में परास्नातक, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में 7 तक भरे जा सकेंगे फॉर्म

लखनऊ। लविवि में परास्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के आवेदन की तिथि सात जुलाई 2025 तक विस्तारित की गयी है। लविवि के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने वताया है कि अव सात जुलाई तक फॉर्म भरे जा सकेंगे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि प्रतिनिधि मंडल ने कोलंबो विवि व एसजेयू के साथ किया संवाद

संयुक्त शैक्षणिक उपक्रमों पर हुई चर्चा

लखनऊ (एसएनबी)। शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 'दक्षिणापथ : संवाद एवं समन्वय' कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कोलंवो विश्वविद्यालय और श्री जयवर्धने विश्वविद्यालय, श्री जयवर्धनेपुरा का दौरा किया। इस दौरान शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसरों पर चर्चा की गयी।

चर्चा में संयुक्त शोध पहल, ड्युअल डिग्री कार्यक्रम और अन्य सहयोगी शैक्षणिक उपक्रमों पर विमर्श किया गया, जिससे दोनों संस्थानों को लाभ हो सकता है। इन साझेदारियों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान और गहरी समझ को वढ़ावा देना है, जिससे अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में आपसी विकास और विकास को वढ़ावा मिले। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि ये वैठकें लखनऊ विश्वविद्यालय की अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति वढ़ाने तथा शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को वढ़ाने वाले सार्थक सहयोग में संलग्न होने की प्रतिवद्धता को रेखांकित करती हैं। श्रीलंका में प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी करके विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए संयुक्त परियोजनाओं, विनिमय कार्यक्रमों और सहयोगी अनुसंधान में संलग्न होने के अवसर पैदा करना है।

AMRIT VICHAR PAGE 7

लविवि दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष बने प्रो. राजेश्वर प्रसाद यादव

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली के परिनियम 2.20 (यथा संशोधित) के अंतर्गत प्रो. राजेश्वर प्रसाद यादव को दर्शनशास्त्र विभाग का नया विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें 1 जुलाई की पूर्वान्ह से आगामी तीन वर्षों की अवधि के लिए अथवा अधिवर्षता आयु प्राप्ति तक अथवा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी किसी अन्य आदेश तक, जो भी पहले लागू हो, तक के लिए सौंपा गया है। प्रो. यादव अपने विषय में गहन ज्ञान और वर्षों के शैक्षणिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में विभाग के अकादमिक व अनुसंधान कार्यों में और भी गुणवत्ता आने की उम्मीद है।

लविवि व श्रीलंका के दो विवि में शैक्षिक समझौता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक दल इन दिनों श्रीलंका की यात्रा पर है। सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और श्रीलंका के कोलंबों विश्वविद्यालय, श्रीजयबर्धने विश्वविद्यालय के बीच शैक्षिक समझौता किया गया। शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए दक्षिणापथः संवाद एवं समन्वय कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबो विश्वविद्यालय और श्रीजयवर्धने विश्वविद्यालय, श्रीजयवर्धनेपुरा का दौरा किया और शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसरों पर चर्चा की।

कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय व लविवि शिक्षकों के साथ कोलंबो विवि के कुलपति।

» **कुलपति के नेतृत्व में श्रीलंका यात्रा पर है शिक्षकों का दल**

चर्चा में संयुक्त शोध पहल, ड्युअल डिग्री कार्यक्रम और अन्य सहयोगी शैक्षणिक उपक्रमों पर विमर्श किया गया, जिससे दोनों संस्थानों को लाभ हो सकता है। इन साझेदारियों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान और गहरी समझ को बढ़ावा देना है, जिससे अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में आपसी विकास और विकास को बढ़ावा मिले। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि ये बैठकें लखनऊ विश्वविद्यालय की अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति बढ़ाने तथा शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने वाले सार्थक सहयोग में संलग्न होने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

लविवि में आवेदन की तिथि 7 जुलाई तक बढ़ी

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परास्नातक, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 7 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने सभी इच्छुक छात्रों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है, ताकि अंतिम समय की तकनीकी समस्याओं से बचा जा सके।

लविवि सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सम सेमेस्टर 2025 की विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इन परीक्षाओं के विस्तृत परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार जिन पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं उनमें प्रमुख रूप से बीटेक, बीवीए, एमवीए और एमए पाठ्यक्रम शामिल हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

लविवि प्रतिनिधिमंडल का कोलंबो विवि और एसजेयू के साथ संवाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए दक्षिणापथः संवाद एवं समन्वय कार्यक्रम के अंतर्गत कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कोलंबो विश्वविद्यालय और श्री जयवर्धने विश्वविद्यालय, श्री जयवर्धनेपुरा का दौरा किया और शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसरों पर चर्चा किया। चर्चा में संयुक्त शोध पहल, ड्युअल डिग्री कार्यक्रम और अन्य सहयोगी शैक्षणिक उपक्रमों पर विमर्श किया गया, जिससे दोनों संस्थानों को लाभ हो सकता है। इन साझेदारियों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान और गहरी समझ को बढ़ावा देना है, जिससे अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में आपसी विकास और विकास को बढ़ावा मिले।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि ये बैठकें लखनऊ विश्वविद्यालय की अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति बढ़ाने तथा शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने वाले सार्थक सहयोग में संलग्न होने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। श्रीलंका में प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी करके, विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए संयुक्त परियोजनाओं, विनिमय कार्यक्रमों और सहयोगी अनुसंधान में संलग्न होने के अवसर पैदा करना है।

लविवि में 7 तक आवेदन बढ़ा: लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के आवेदन की तिथि 7 जुलाई 2025 तक विस्तारित की जाती है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने दी।

लविवि के 10 शिक्षक सेवानिवृत्तः लखनऊ विश्वविद्यालय के 10 शिक्षक सोमवार को सेवानिवृत्त हुए। इसमें डॉ अरविंद कुमार, वाणिज्य विभाग, डॉ. ओपी शुक्ला, रक्षा अध्ययन विभाग, डॉ राजकुमार, विधि संकाय, डॉ आरएन सिंह, रसायन विज्ञान विभाग, डॉ अमिता बाजपेई, शिक्षा शास्त्र विभाग, डॉ रजनी श्रीवास्तव, दर्शनशास्त्र विभाग, डॉ मुन्ना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग, डॉ रचना मुज्जु, व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग, डॉ राजीव कुमार पाण्डेय, सांख्यिकी विभाग और डॉ रानू उनियाल पंत, अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषाएं विभाग हैं।